jayant news paper 26 jan 2024 new_page layout.qxd 1/25/2024 11:51 PM Page 1

कोटद्वार,शुक्रवार
26 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 264 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## सूचना



सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों को दैनिक जयन्त की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकमानायें इस अवसर पर 26 जनवरी 2024 को प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा।
दैनिक जयन्त का अगला अंक 28 जनवरी 2024 को प्रकाशित होगा।
-सम्पादक

## एक नजर

### प्रतिबंधित मांस तस्करी की सूचना पर की छापामारी

रुड़की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रतिबंधित मांस की तस्करी के मामले में छापामारी की। इस दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया। दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक मनोज सिरोला को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा भंनेड़ा स्थित एक मकान में प्रतिबंधित मांस की तस्करी का कार्य किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम का गठन कर मौके पर छापामार कार्रवाई की गई।

### अयोध्या में उत्तराखंड के कार सेवकों ने रामलला के दर्शन किये

नई टिहरी : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व बजरंग दल के आह्वान पर उत्तराखंड से 16 सौ से अधिक रामजन्म भूमि आंदोलन से जुड़े कार सेवकों ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किये। कार सेवकों ने परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगडिया के साथ सरयू नदी तट पर पूजा अर्चना की। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद उत्तरांखड की हिंदू हेल्प लाइन के प्रमुख अशोक टोडरिया ने जानकारी बताया कि परिषद के आह्वान पर गढ़वाल और कुमांऊ मंडल से 16 सौ से अधिक कार सेवक 24 घंटे के भीतर बसों के माध्यम से पावन नगरी अयोध्या पहुंचे, कार सेवकों ने सरयू नदी तट पर स्नान कर भगवान राम का स्मरण किया।

डॉ. तोगडिया की अगुवाई में सभी ने राम जन्म भूमि आंदोलन के प्रेरक संत रामचन्द्र परमहंस की समाधि में जाकर बलिदानी कार सेवकों को श्रद्धांजलि दी। कार सेवकों ने हनुमान गढ़ी में बजरंग बली का पूजन कर रामलला के दर्शन किये। रामलला मन्दिर में डॉ. तोगडिया ने रामजन्म भूमि आंदोलन से जुड़े सभी कार सेवकों का अभिनंदन करते हुये उन्हें टीका भी लगवाया। रामजन्म भूमि आंदोलन में वर्ष 1992,1999 एवं 2018 में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले कार सेवकों में प्रदेश संगठन मंत्री सुभाष जोशी, प्रदेश संयोजक इंडिया हेल्पलाइन कृष्णा पांडे, हरिद्वार बजरंग संयोजक अंकुश पंडित, जिला संयोजक उत्तरकाशी सुरेश सेमवाल,अंजली सैनी, ओजस्विनी, लक्ष्मी सहित विभिन्न जिले से कार सेवकों ने प्रतिभाग किया। (एजेंसी)

### मंदिर से मूर्ति सहित अन्य सामान चोरी

चमोली : विकासखंड के तटेश्वर महादेव मंदिर परिसर के शिव मंदिर में मूर्ति चोरी मामला प्रकाश में आया है। मामले में मंदिर के सहायक महंत और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। मंदिर के सहायक महंत राजेश नाथ ने बताया कि गुरुवार सुबह जब वो मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे तो शिव मंदिर के महादेव का छत्र, राधा-कृष्ण के मंदिर से गोपाल जी की मूर्ति और सिंहासन सहित दो दर्जन से अधिक तांबे के लोटे और बर्तन, भेंट-चढ़ावा चोरों ने चुरा लिया। बताया कि सूचना पर घटना की रिपोर्ट ग्राम प्रधान राखी डिमरी, क्षेपंस संदीप डिमरी, मंदिर के सहायक महंत राजेश नाथ सहित ग्रामीणों ने थाना पुलिस कर्णप्रयाग मे दर्ज कराई है। जिस पर घटना का निरीक्षण करने पहुंचे एसएसआई पंकज कुमार ने बताया कि मंदिर मे हुईं चोरी की घटना की गहनता से जांच कर अज्ञात चोरों की धर पकड़ जल्द कर दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें

**मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता कानून लागू करने के लिए विधानसभा सत्र बुलाया जायेगा**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, संविधान निर्माताओं और राज्य आन्दोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान निर्माण का एक पर्व है। हमारा यह विशिष्ट संविधान हमारे राष्ट्र का निरंतर मार्गदर्शन करता आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण भी कराता है। यह अवसर हमें देशभक्तों के सपनों को साकार करने और अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने का संकल्प लेने की भी प्रेरणा देता है। संविधान के अंतर्गत ही हम सभी की जिम्मेदारी यह भी है कि हम न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूलभूत लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता के लिए बनाई गई 5 सदस्यों की कमेटी ने ड्राफ्ट पूरा कर लिया है। ड्राफ्ट मिलते ही जल्दी विधानसभा का सत्र बुलाकर विधानसभा में समान नागरिक संहिता का कानून पूरे उत्तराखण्ड में लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के विकास, कल्याण और उन्नति हेतु संकल्पबद्ध है। जीरो टॉलरेंस आन करप्शन की नीति का अनुसरण कर राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। जनसेवा से संबंधित अधिकांश सेवाएं ऑनलाईन की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मागदर्शन में उत्तराखण्ड को 2025 तक देश के अग्रणी राज्यों के श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है।

### चार अफसरों समेत सात लोगों को राष्ट्रपति पुलिस पदक

देहरादून। उत्तराखंड कैडर के चार आईपीएस अफसर समेत सात लोगों को राष्ट्रपति पुलिस पदक दिए जाने की घोषणा की गई है। गणतंत्र दिवस पर जारी सूची में विशिष्ट सेवा के एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमन राष्ट्रपति पदक मिलेगा। सराहनीय सेवा के लिए आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल, एसएसपी देहरादून अजय सिंह, एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे, एएसआई (एमटी) 46वीं वाहिनी पीएसी सुरजीत सिंह, 31वीं वाहिनी पीएसी के हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह और फायर सर्विस चालक नैनीताल गणेश सिंह को मेडल मिलेगा। अजय सिंह ने एसएसपी देहरादून की कमान संभालते ही रिलायंस ज्वेलरी शोरूम डकैती के खुलासे के लिए शानदार काम किया। आरोपी गैंग बिहार से जुड़ा था। वहां दबिश देने गई टीम के साथ खुद कई बार बिहार पहुंचे। गुजरात में ज्वेलरी शोरूम में डकैती होने से पहले वहां पहुंचे गैंग का खुलासा कराया। महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में ज्वेलरी शोरूमों में डकैती में वांछित आरोपी इनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने गिरफ्तार किए।

# अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा भारत-राष्ट्रपति मुर्मु



नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। हमारे गणतंत्र का 75वां वर्ष, कई अर्थों में देश की यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिए मैं कर्पूरी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उन्होंने कहा,मैं यह उल्लेख करना चाहूंगी कि सामाजिक न्याय के लिए अनवरत युद्धरत रहे कर्पूरी ठाकुर जी की जन्म शताब्दी का उत्सव कल ही संपन्न हुआ है। कर्पूरी जी पिछड़े वर्गों के सबसे महान पक्षकारों में से एक थे जिन्होंने अपना सारा जीवन उनके कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। उनका जीवन एक संदेश था। अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिए, मैं कर्पूरी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

**नारी शक्ति वंदन का अभिनंदन**

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जब संसद ने ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किया तो हमारा देश, स्त्री–पुरुष समानता के आदर्श की ओर आगे बढ़ा। मेरा मानना है कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिला सशक्तिकरण का एक क्रांतिकारी माध्यम सिद्ध होगा। इससे हमारे शासन की प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में भी बहुत सहायता मिलेगी। जब सामूहिक महत्व के मुद्दों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, तब हमारी प्रशासनिक प्राथमिकताओं का जनता की आवश्यकताओं के साथ बेहतर सामंजस्य बनेगा।

**राष्ट्रपति ने विश्व को दिया शांति का मंत्र**

राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि हाल के दौर में विश्व में अनेक स्थलों पर लड़ाइयां हो रही हैं और दुनिया के बहुत से हिस्से हिंसा से पीड़ित हैं। जब दो परस्पर विरोधी पक्षों में से प्रत्येक मानता है कि केवल उसी की बात सही है और दूसरे की बात गलत है तो ऐसी स्थिति में समाधान–परक तर्क के आधार पर ही आगे बढ़ना चाहिए।

# बद्रीनाथ—केदारनाथ और हेमकुंड में बर्फबारी जारी



देहरादून। उत्तराखंड में मौसम बदलने लगा है। अब चोटियों पर बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। लगातार प्रदेश में गलन और ठिठुरन बढ़ती जा रही है। तराई में शीतलहर के बीच ठंड जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किए जाने की संभावना है।उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में गुरूवार को दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और बदरीनाथ, केदारनाथ व हेमकुंड साहिब में हल्की बर्फबारी हुई। गंगोत्री व यमुनोत्री में दिनभर बादल छाए रहे।

**सुबह—शाम कड़ाके की ठंड**

धूप खिलने से खिलने से मैदानी क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली है। सुबह–शाम तापमान में गिरावट से पहाड़ों में कंपकंपी बनी हुई है। धूप खिलने के बाद भी ठंडी हवाएं लोगों को घरों में कैद कर रही हैं।

**आज शाम तक दस्तक दे सकता है पश्चिमी विक्षोभ**

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार शुक्रवार शाम तक ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में दस्तक दे सकता है। जिससे उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार हैं।

**कोहरा बढ़ा रहा मुसीबत**

इसके साथ ही उत्तराखंड में लगातार कोहरे का भी प्रकोप देखने को मिल रहा है।

लगातार घने कोहरे की वजह से लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर समेत अन्य मैदानी क्षेत्रों में हल्का कोहरा छाया रह सकता है।

### किशोरी अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। पिछले सप्ताह एक किशोरी का अपहरण कर लिया गया था। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। मेडिकल रिपोर्ट में किशोरी के साथ दुराचार की पुष्टि हुई है। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमे में पोक्सो तथा अन्य धाराएं बढ़ाई हैं।

क्षेत्र से एक सप्ताह पहले किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई अता–पता नहीं लग पाया था। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने किशोरी के अपहरण का मुकदमा अज्ञात के खिलाफ दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया।

## ईडी अधिकारी की गिरफ्तारी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु से मांगा जवाब



नई दिल्ली। तमिलनाडु के सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधी निदेशालय द्वारा घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार अपने अधिकारी के विरुद्ध जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग संबंधी ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा।

जस्टिस सूर्यकांत एवं जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया और दो हफ्ते में जवाब देने को कहा। पीठ ने तमिलनाडु पुलिस को अगली सुनवाई पर घूसखोरी मामले में एकत्रित सामग्री प्रस्तुत करने को कहा।

**अगली सुनवाई तक घूसखोरी मामले की जांच आगे न बढ़ाई जाए**

इससे पहले ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि मंत्रियों के विरुद्ध जांच से संबंधित फाइलें भी ले ली गई थीं। जस्टिस कांत ने तमिलनाडु की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अमित आनंद तिवारी से कहा कि अगली सुनवाई तक घूसखोरी मामले की जांच आगे न बढ़ाई जाए। वहीं, जब ईडी ने कहा कि वह भी अधिकारी के विरुद्ध जांच करना चाहती है तो पीठ ने कहा कि वह भी फिलहाल आगे की जांच न करे।

# प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने एक दुकान पर ली चाय की चुस्की




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ जयपुर के आमेर किले का दौरा किया। इस दौरे का बाद दोनों नेताओं ने जयपुर में महाराजा सवाई जय सिंह द्वारा स्थापित प्रसिद्ध सौर वेधशाला जंतर मंतर का दौरा किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन जयपुर में एक चाय की दुकान पर गए और एक कप चाय पीते हुए एक–दूसरे से बातचीत की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भुगतान करने के लिए वढक का उपयोग किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर, राजस्थान की यात्रा के दौरान फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को यूपीआई डिजिटल भुगतान प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए देखे गए।

2010 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित हुआ जंतर मंतर का दौरा

पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों आज जयपुर में महाराजा सवाई जय सिंह द्वारा स्थापित प्रसिद्ध सौर वेधशाला जंतर मंतर का दौरा किया। इसे जुलाई 2010 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था। इसमें अठारह उपकरणों का एक सेट शामिल है और यह दुनिया की सबसे बड़ी पत्थर वेधशाला है। इसमें विभिन्न उपकरण शामिल हैं जिनमें लघु सम्राट यंत्र शामिल है जो एक सन डायल है जो स्थानीय समय को 20 सेकंड की सटीकता से कैलिब्रेट करने में मदद कर सकता है। बता दें कि राष्ट्रपति मैक्रों भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं।

**फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पहुंचे जयपुर**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत की अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के तहत जयपुर पहुंचे। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उनका स्वागत किया।

### यस बैंक मनी लांड्रिंग मामले में कारोबारी संजय छाबड़िया को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यस बैंक–डीएचएफएल मनी लांड्रिंग मामले में बांबे हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ रियल एस्टेट कारोबारी संजय छाबड़िया की याचिका पर विचार करने से गुरुवार को इन्कार कर दिया। हाई कोर्ट ने 'डिफाल्ट' जमानत देने संबंधी छाबड़िया की याचिका खारिज कर दी गई थी। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अपराध गंभीर है और हाई कोर्ट ने हर पहलू पर विचार किया है। इसके बाद छाबड़िया की ओर से पेश वकील ने याचिका वापस ले ली। मामले को वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया। इससे पहले जस्टिस एमएस. कार्णिक की पीठ ने 'डिफाल्ट' जमानत के अनुरोध वाली छाबड़िया की याचिका नौ अक्टूबर को इस आधार पर खारिज कर दी कि ईडी ने अनिवार्य 60 दिन की अवधि के भीतर उनके खिलाफ अभियोजन शिकायत पेश की थी।

**'छाबड़िया के खिलाफ जांच पूरी हुई'**

ईडी का कहना था कि छाबड़िया के खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन मनी लांड्रिंग के इस पूरे मामले के संबंध में जांच अब भी जारी है। छाबड़िया के वकील ने कहा था कि चूंकि मामले में छाबड़ियाकी गिरफ्तारी के 60 दिन बाद भी मामले की जांच अधूरी है, इसलिए आरोपित को 'डिफाल्ट' जमानत दी जाए। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 167 के अनुसार, यदि जांच एजेंसी हिरासत की तारीख से 60 दिन के भीतर आरोप–पत्र दाखिल करने में विफल रहती है तो आरोपित 'डिफाल्ट' जमानत का हकदार होगा।

## उत्तराखंड के सीएम धामी अपनी कैबिनेट संग दो फरवरी को पहुंचेंगे अयोध्या, करेंगे रामलला के दर्शन



देहरादून। अयोध्या में विराजे रामलला के दर्शन के लिए देश के कोने–कोने से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आम जनता के साथ–साथ वीआईपी लोग भी प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। अब उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने कैबिनेट के मंत्रियों संग राम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए जाएंगे। सीएम धामी अपनी कैबिनेट के साथ 2 फरवरी को अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने फैसला किया है कि सभी कैबिनेट मंत्री जाएंगे और रामलला के दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बयान जारी किया है कि अब पूरी कैबिनेट एक साथ प्रभु के दर्शन करेगी।

**राममय हो गई थी देवभूमि**

गौरतलब है कि उत्तराखंड में भी प्राण–प्रतिष्ठा के दिन खास तैयारी की थी। इस तैयारी में पूरी देवभूमि राममय हो गई थी। इस पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी खुद सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की थी। उन्होंने वर्चुअली सपरिवार रामलला के दर्शन किए थे। सीएम धामी ने पहले कहा था कि भगवान श्री राम का उत्तराखंड से अटूट संबंध है। उन्होंने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार वार्षिक कैलेंडर 'सशक्त नेतृत्व समृद्ध उत्तराखंड' का विमोचन किया था।

**'500 साल के लंबे संघर्ष के बाद आया ये दिन'**

प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर सीएम धामी ने अपने सरकारी आवास स्थित मंदिर में पूजा–अर्चना की थी और कहा कि 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद इस भव्य महोत्सव का साक्षी बनकर मैं बेहद उत्साहित हूं। सीएम धामी ने कहा था कि भगवान श्री राम का उत्तराखंड से अटूट संबंध है।

**श्रीराम और उत्तराखंड का है खास नाता**

सीएम धामी ने प्रभु श्रीराम और उत्तराखंड के रिश्ते के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सरयू नदी का उद्गम स्थल, जिसके तट पर भगवान श्री राम के पिता और महाराज दशरथ ने संतान प्राप्ति के लिए अनुष्ठान किया था, बागेश्वर जिले में है।

इसके बाद जब श्रीराम लंका का दहन करके अयोध्या लौटे थे और मर्यादा पुरुषोत्तम राजा रामचंद्र बने, उन्होंने अहंकारी रावण के वध को टालने के लिए देवप्रयाग के रघुनाथ मंदिर में पितृ यज्ञ किया था।

# भारत—म्यांमार बॉर्डर पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सरकार ने उठाया कदम



गुवाहाटी। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण भारत–म्यांमार सीमा के बड़े हिस्से पर बाड़ लगाएगा और मणिपुर में 10 किमी के हिस्से में यह काम किया जा चुका है और सुरक्षा के लिए इस भाग को असम राइफल्स को सौंपा जा चुका है।

**मणिपुर में बाड़ लगाने के लिए 80 किमी क्षेत्र की पहचान**

मणिपुर में बाड़ लगाने के लिए 80 किमी क्षेत्र की पहचान की जा चुकी है और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) मंत्रालय में भेजी जा चुकी है। यह जानकारी बीआरओ के अतिरिक्त महानिदेशक पूर्व (एडीजी–पूर्व) पीकेएच सिंह ने दी।

**म्यांमार के साथ हुए मुक्त आवाजाही समझौते पर पुनर्विचार**

उन्होंने बताया कि चार भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम म्यांमार के साथ 1643 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं और सरकार म्यांमार के साथ हुए मुक्त आवाजाही समझौते पर पुनर्विचार कर रही है।

**बाड़ लगाने का जिम्मा बीआरओ को सौंपा गया**


गृह मंत्रालय ने तकरीबन 1700 किमी क्षेत्र में बाड़ लगाने का जिम्मा बीआरओ को सौंपा है। भारत–म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाना बीआरओ के लिए महत्वपूर्ण परियोजना है। इस सीमा के आसपास का क्षेत्र लंबे समय से बाड़ रहित है और इसके आसपास होने वाली गतिविधियों पर निगरानी की जरूरत थी। इससे पहले बीआरओ बीएसएफ के साथ मिलकर भारत–बांग्लादेश में बाड़ लगा चुकी है। एडीजी ने बताया कि संगठन का प्राथमिक उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भारत–चीन सीमा सड़कों (आइसीबीआर) का रणनीतिक बुनियादी विकास करना है। एडीजी ने बताया कि इसके अलावा बीआरओ को भारत–चीन–म्यांमार सीमा वाले 1,748 किलोमीटर लंबे फ्रंटियर हाईवे में से 531 किलोमीटर बनाने का काम भी सौंपा गया है।

### साइबर अपराधों से निपटने के लिए उत्तराखंड पुलिस हो रही है तैयार




देहरादून। उत्तराखंड में साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिस को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके लिए जल्द ही साइबर सेंटर आफ एक्सीलेंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग लैब की स्थापना की जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमान ने इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ के पर्यवेक्षण में पुलिस उपाधीक्षक व तकनीकी रूप से दक्ष कार्मिकों की अनुसंधान टीम का गठन किया जाए जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डार्क वेब आदि पर शोध करेगी।

## अयोध्या की तरह काशी के ज्ञानवापी में भी मिला मंदिर का ढांचा



वाराणसी ।श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट गुरुवार की देर शाम को जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने सार्वजनिक कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, ज्ञानवापी में मंदिर का स्ट्रक्चर मिला है। इस पर हिंदू पक्ष ने खुशी जताई है। उनका कहना है कि बाबा मिल गए हैं। सर्वे रिपोर्ट से सब कुछ साफ हो गया। मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई, यह भी पता चल गया। अब हिंदुओं को पूजा–पाठ की अनुमति मिलनी चाहिए। दूसरी तरफ से मुस्लिम पक्ष ने कानूनी लड़ाई को आगे बढ़ाने का एलान किया है। एएसआई की सर्वे रिपोर्ट में ज्ञानवापी परिसर में जनार्दन, रुद्र और विश्वेश्वर के शिलालेख मिले हैं। रिपोर्ट में महामुक्ति मंडप लिखा है। एएसआई का कहना है कि यह मजबूत संकेत है। एएसआई ने सर्वे के दौरान एक पत्थर पाया जो टूटा हुआ था। ऐसे में जदूनाथ सरकार की फाइंडिंग को सही पाया। 1669 में 2 सितंबर को मंदिर ढहाया गया था। जो पिलर थे पहले के मंदिर के उनका इस्तेमाल मस्जिद के लिए किया गया। जो तहखाना र2 है, उसमें हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां थी। एएसआई कहता है कि पश्चिमी दीवार एक हिंदू मंदिर का हिस्सा है। उसे आसानी से पहचाना जा सकता है। 17वीं शताब्दी में मंदिर तोड़ा गया था। इसके बाद इसे मस्जिद के लिए इस्तेमाल किया गया।

jayant news paper 26 jan 2024 new_page layout.qxd 1/25/2024 11:51 PM Page 2



# प्रधानमंत्री मोदी के संवाद से प्रफुलित हुए आईएचएमएस के विद्यार्थी

### संस्थान में आयोजित नव मतदाता सम्मेलन को वर्चुअल संवाद से प्रधानमंत्री मोदी ने किया संबोधित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के युवाओं के साथ इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) में शिक्षा ले रहे प्रथम वर्ष के युवा मतदाताओं से वर्चुअल संवाद किया। प्रधानमंत्री के संबोधन से प्रफुलित आईएचएमएस के छात्र-छात्राओं ने देश के हित में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।


प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम को सुनते विद्यार्थी

बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित संस्थान के सभागार में आयोजित के नव मतदाता सम्मेलन का संस्थान के एमडी बीएस नेगी, डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाई (सेनि) और ईडी अजयराज नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। ठीक 11 बजे प्रधानमंत्री ऑनलाइन युवाओं से जुडे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को देश के पूर्व और वर्तमान हालातों से अवगत करया। कहा कि सरकार युवाओं के कदम से कदम मिलाकर चल रही है। युवाओं को खुद का कारोबार शुरु करने के लिए बैंक के द्वार खोल दिए गए हैं और युवाओं की बैंक गारंटी मोदी दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं से देश की तरक्की के लिए पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान दौर आईटी का है, युवा को नई तकनीक अपनाकर ही समाज और देश की उन्नति में भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आईटी तकनीक को अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में युवाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष संजय भंडारी, जिला महामंत्री शुभम रावत, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक शांता कुमार, मंडल अध्यक्ष विराट सुंद्रियाल, विजय रावत, मुकुल नेगी, रवि सैनी, अमित खंतवाल, दीपक शर्मा, पवन देव, हार्दिक बिष्ट, स्वपनिल भटनागर, सन्नी रावत, गजेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## भुवनेश्वरी मंदिर में स्थापित हुई भगवान शंकर की प्रतिमा

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : डाडामंडी स्थित मां भुवनेश्वरी मंदिर में भगवान शंकर व नंदी की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान अनुष्ठान के साथ ही कीर्तन का भी आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रवासी भी पहुंचे हुए थे। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। मंदिर में सुबह से ही वैदिक मंत्रों के साथ अनुष्ठान प्रारंभ किया गया।

बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने भगवान शंकर से अपने परिवार व देश के लिए सुख शांति की कामना की। प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर मंदिर को फूल मालाओं से सजाया गया था। ब्लाक प्रमुख ने मंदिर के सौदर्यीकरण के लिए धनराशि भी दान दी। इस मौके पर पंचायत सदस्य सुनीता देवी, डा. सौरभ चौहान, विजयमान सिंह बिष्ट, आनदंमणी बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में स्टार्टअप बूट कैंप का हुआ समापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित स्टार्टअप बूट कैंप का समापन हो गया है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने ग्रुप के साथ उद्यमिता एवं स्टार्टअप के संबंध में नवीन एवं रचनात्मक विचार प्रस्तुत किये।

कैंप में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान,अहमदाबाद से विषय विशेषज्ञ के रूप में आए डा. दीपक चौहान द्वारा छात्र-छात्राओं को उद्यमिता एवं स्टार्टअप से संबंधित बिजनेस प्रपोजल बनाने के लिए प्रोत्साहित व निर्देशित किया गया। इस पर छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए बिजनेस प्रपोजल में नवाचार व उनकी दूरदर्शिता की झलक दिखाई दी। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए स्टार्टअप संबंधी रचनात्मक विचारों को विषय विशेषज्ञों एवं देवभूमि उद्यमिता टीम द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

योजना के महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ. एसके गुप्ता ने बताया कि बूट कैंप में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय एवं आईएचएमएस इंस्टीट्यूट के कुल 247 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बूट कैंप के आयोजन में डा. हर्षित शर्मा, डा. नवीन किशोर, डा. सिद्धांत नौटियाल, डा. किशोर सिंह चौहान और डा. सुनीता नेगी ने भी सहयोग दिया।

# प्रभात फेरी निकालकर आमजन को किया जागरूक

### राष्ट्रीय मतदान दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज की ओर से निकाली गई रैली

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई और नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर राइका कोटद्वार के प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि इसी दिन 25 जनवरी 1950 को निर्वाचन आयोग का गठन किया गया था। वर्ष 2011 से प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। वरिष्ठ प्रवक्ता डा. पदमेश बुडाकोटी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सुमित चंद्र ने प्रथम, मानवी लखेड़ा ने द्वितीय तथा हर्षित वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से मतदाता शपथ भी ली। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने नगर में प्रभात फेरी निकाल कर क्षेत्रवासियों को मतदान हेतु जागरूक किया। प्रभात फेरी का नेतृत्व भारत सिंह नेगी, मनमोहन सिंह चौहान, देवेंद्र रावत, नेत्रपाल सिंह, गजेंद्र सिंह रावत आदि ने किया।

## नेशनल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर लौटे खिलाड़ी, किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर लौटे युवा खिलाड़ी आर्य नेगी व अनुज नेगी को स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश आर्य व यशवंत रावत ने कहा कि दोनों छात्रों की लगन और मेहनत को देखते हुए विद्यालय की ओर से उन्हें फुटबॉल के लिए प्रोत्साहन किया जाएगा। जरूरत के अनुसार छात्रों को सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

कोट ब्लॉक निवासी इन दोनों खिलाड़ियों ने अंडर-14 टीम में जिले का प्रनिनिधित्व किया। जीआईसी खोलाचौरी के आर्य नेगी व जूनियर हाईस्कूल कठूड़ के छात्र अनुज नेगी ने बीते 17 से 21 जनवरी को झारखंड के रांची में आयोजित अंडर-14 नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें राज्य की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्वाटर फाइनल तक पहुंची।

छात्रों के इस प्रदर्शन को विद्यालयों ने सराहा और उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर ब्लॉक खेल समंवयक चंद्रप्रकाश भट्ट, जितेंद्र राणा व कमल किशोर उप्रेती शामिल रहे।

## काश्तकारों ने उठाई सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नगर निगम के अंतर्गत सनेह पट्टी के संयुक्त समाज सेवी संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पट्टी के काश्तकारों को सिंचाई के लिए सिंचाई नहर में पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।इस संबध में उपजिलाधिकारी और सहायक सिंचाई अभियंता को सौंपे ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा है कि बरसात में खोह नदी से निकलने वाली सिंचाई नहर के क्षतिग्रस्त होने के बाद अब तक नहर की मरम्मत न होने के कारण वर्तमान में काश्तकारों की गेहूं व अन्य फसलें सूखने के कगार पर हैं। कहा कि पट्टी के अधिकतर काश्तकार खेती कर ही अपना जीवन यापन करते हैं। वहीं संबधित अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। ज्ञापन में सिंचाई नहर की अविलंब मरम्मत कर काश्तकारों के लिए सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग की गई है और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, सचिव महानंद ध्यानी, महासचिव हरीश चंद्र भदूला, हरेंद्र रौतेला, रविंद्र सिंह रावत, सुदर्शन कोटनाला और चंद्रमणि देवरानी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# स्लोगन प्रतियोगिता में रितिका रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पब्लिक इण्टर कॉलेज सुरखेत में पोस्टर, स्लोगन, निबन्ध, रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान स्लोगन प्रतियोगिता में छात्रा रितिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मतदान शपथ दिलाते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में मतदाता देश का भाग्यविधाता होता है। मतदान में देश के प्रत्येक नागरिक की शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2011 से प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

प्रत्येक वर्ष इसके लिए एक विषय निर्धारित किया जाता है। इस वर्ष चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का विषय है वोट जैंसा कुछ भी नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम। इस अवसर पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में रितिका (कक्षा-11) ने प्रथम, प्रियंका (कक्षा -12) ने द्वितीय, जीविका (कक्षा-6) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रेरणा (कक्षा-7) ने प्रथम, संजना (कक्षा-8) ने द्वितीय और अर्चना (कक्षा-8) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबन्ध प्रतियोगिता में इन्द्रा (कक्षा-11) ने प्रथम, हेमलता (कक्षा-9) ने द्वितीय तथा प्रियांशु नेगी व सुमित सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहन्दी प्रतियोगिता में अनुष्का (कक्षा-12) ने प्रथम, अर्चना व दिया (कक्षा-12) ने द्वितीय तथा रोनिका (कक्षा-12) व हिमानी (कक्षा-7) ने तीसरा स्थान पाया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा-11 विज्ञान वर्ग की छात्राओं की टीम पहले स्थान, कक्षा-9 की छात्राओं की टीम दूसरे, कक्षा-7 की छात्राओं की टीम तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को कापियां व पेन प्रदान करके सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल में शिक्षक प्रकाश चन्द्र कैंथोला, सतीश चन्द्र शाह, प्रमोद रावत, नीरज रमोला ने सहयोग किया। कार्यक्रमों के आयोजन व व्यवस्था में विद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों ने सहयोग किया।

# मनमानी का आरोप, महविद्यालय के छात्रों ने शुरू किया अनशन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : समय से पहले परीक्षा करवाए जाने के विरोध में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने विश्वविद्यालय के खिलाफ अनशन शुरू कर दिया है। विद्यार्थियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है। कहा कि छात्रों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नाराज छात्रों ने महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में अनशन दिया। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से परीक्षाओं की तिथि बढ़ाने की मांग की है। मांग न माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रशासन स्नातकोत्तर की परीक्षाए निर्धारित समय से पहले करवा रहा है, जो कि यूजीसी के नियमों का घोर उल्लंघन है। जिसे छात्र किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगें। उन्होंने कहा कि इससे पहले छात्रों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा है। लेकिन अभी तक परीक्षा तिथि नहीं बढ़ाई गई है। उन्होने कहा कि मांग पूरी होने तक उनका अनशन जारी रहेगी। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, पूर्व सचिव शुभम सुयाल, पारस नेगी, निखिल मौजूद रहे।


महाविद्यालय परिसर में अनशन पर बैठे विद्यार्थी

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कर्मचारियों ने ली शपथ

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता की शपथ दिलाई गई। गुरुवार को तहसील परिसर सतपुली में उपजिलाधिकारी अबरार अहमद ने तहसील व उपकोषागार अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। इसका उपयोग हमें जरूर करना चाहिए। हमारे मतदान से ही सरकार बनती है। यदि हम मतदान के प्रति उदासीन रहे तो गलत व्यक्ति का चयन हो सकता है। इसलिए हमे जागरूक रहकर मतदान करके एक अच्छी सरकार बनानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी मतदाता स्थलों पर मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। तहसीलदार सुधा डोभाल, नाजिर आशीष जोशी, कानूनगो जोशी, मनीष नौटियाल आदि मौजूद रहे। वहीं थाना सतपुली में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

# संयुक्त अस्पताल सतपुली में पेयजल की किल्लत, मरीज परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : संयुक्त अस्पताल सतपुली में पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पिछले कई दिनों से पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने से मरीज, तीमारदार से लेकर स्टाफ तक सब परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने उपजिलाधिकारी से समस्या के निराकरण के लिए जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि अस्पताल में वार्डों में बने शौचालयों की सफाई भी सही ढंग से नहीं हो पा रही है। वहीं अस्पताल में पीने का पर्याप्त पानी नसीब नहीं हो रहा है। पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा ने जब यहां मरीजों उनके साथ आए परिजनों तथा अस्पताल स्टाफ से बात की तो उन्होंने पानी की कमी होने से कई तरह की समस्याएं बताई।

एसडीएम अबरार अहमद ने बताया कि अस्पताल के कर्मचारी मामले को लेकर उनसे मिले जिस पर उन्होंने जल संस्थान के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने मामले की जानकारी न होना बताया। कहा कि जल्द ही अस्पताल स्टाफ से इस बारे में जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।


## विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने से भड़के व्यवसायी

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बिलकेदार, नकोट, जनासू, धनचड़ा सहित दिगोली में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से न आने पर स्थानीय लोगों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से व्यापारियों को व्यवसाय करने में दिक्कतों के साथ ही नुकसान झेलना पड़ रहा है। विद्युत आपूर्ति बहाल करने को लेकर गुरुवार को भाजपा मंडल के मीडिया प्रभारी बिपेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में प्रभावित लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान बिपेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर निगम के बिलकेदार, नकोट, जनासू, दिगोली, धनचड़ा में विद्युत आपूर्ति न होने से स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि बिलकेदार निरंतर व्यवसायों की पहली पसंद बनती जा रही है, लेकिन विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं होने से नुकसान झेलना पड़ रहा है।

# राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होगी एसएसपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला पुलिस के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा सराहनीय सेवा के लिए जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।


पौड़ी जिले की एसएसपी श्वेता चौबे।

गणतन्त्र दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा सराहनीय सेवा के लिए उत्तराखण्ड पुलिस के 6 अधिकारी, कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें पौड़ी जिले की एसएसपी को भी सम्मानित किया जाएगा। पौड़ी पुलिस ने एसएसपी को यह पदक मिलने पर खुशी जताई है।

## बाबा जसवंत क्लब बाडियूं ने जीता खिताब

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बीरोंखाल विकासखंड के दुनांऊ महादेव में चल रही महावीर चक्र विजेता बाबा जसवंत सिहं रावत क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में बाबा जसवंत रावत क्लब बाडियूं ने महादेव क्लब कोटा को चार विकेट से हराकर 31 हजार रूपये व ट्राफी अपने नाम की। वहीं बाबा जवसंत रावत क्लब के अंकित ने फाइनल मुकाबले में 46 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की सोलह टीमों ने भाग लिया। फाइलन मैच का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप सिहं रावत ने किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई शपथ, मतदान के लिए प्रेरित किया


राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी शपथ दिलाते हुए।

## नये मतदाता, दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरूवार को प्रेक्षागृह पौड़ी में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने नये मतदाता, दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाता व अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे हम दुकानों से अपनी पंसद की चीज खरीदते हैं वैसे ही हमें एक अच्छा प्रत्याशी सोच समझकर चुनते हुए गंभीरता से अपना मत का उपयोग करना है। इस दौरान उन्होंने नये मतदाताओं को पहचान पत्र, दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को शॉल ओढ़कर सम्मानित भी किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मतदात दिवस की शपथ दिलाते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आगामी लोकसभा निर्वाचन में सभी से अपने मतदान का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रित देश है जहां 18 साल की उम्र के हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव या दबाव के अपनी पसंद का नेता चुनने का अधिकार है। लोकतांत्रिक समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार हासिल हो। उन्होंने कहा कि मतदान किसी भी मतदाता का अधिकार है जिसके महत्व को समझना बेहद जरूरी है। कहा कि युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में मतदान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ही हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वोट देने का अधिकार किसी भी लोकतांत्रिक समाज में एक मौलिक अधिकार है। यह हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, जो नागरिकों को यह कहने का अधिकार देती है कि उन पर कौन शासन करता है और वे कैसे शासित होते हैं। वोट देने की क्षमता न केवल एक अधिकार है, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि हर मतदाता को बिना किसी के दबाव, भेदभाव, जाति, क्षेत्रवाद जैसे मामलों से दूर रहते हुए निष्पक्ष रूप से अपना मत का प्रयोग कर एक अच्छा प्रत्याशी को चुने। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, जिला नेहरू युवा केंद्र अधिकारी शैलेश भट्ट, एडीपीआरओ नितिन नौटियाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व मतदाता उपस्थित थे।

## क्रॉस कंट्री में लक्की, जीवन, हर्ष, सिमरन, तानिया, और भागीरथी ने मारी बाजी

पौड़ी : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर खेल विभाग द्वारा कंडोलिया से देवप्रयाग मार्ग तक क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर-14, अंडर-17 व ओपन वर्ग में बालक तथा बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विजेता प्रतिभागियों को प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंडर-14 बालक वर्ग में लक्की प्रथम, अर्जुन द्वितीय, आदित्य तृतीय, धैर्य ठाकुर चतुर्थ व अंश रावत ने पंचम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में तानिया रावत प्रथम, सृष्टि द्वितीय, खुशी तृतीय, आंचल चतुर्थ व पूचा पंचम स्थान पर रही। अंडर-17 बालक वर्ग में जीवन प्रथम, अनिकेत द्वितीय, जगवीर तृतीय, आयुष चतुर्थ व शुभम पंचम तथा बालिका वर्ग में सिमरन प्रथम, निधि नेगी द्वितीय, खुशी तृतीय व अर्पिता ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। वहीं ओपन बालक वर्ग में हर्ष प्रथम, राघव द्वितीय, नीरज तृतीय, अभिषेक चतुर्थ व विकास पंचम तथा बालिका वर्ग में भागीरथी प्रथम व कंचन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# आपदा से निपटने के लिए सभी को जानकारी के साथ तैयार रहना होगा

### जिलाधिकारी ने किया चार दिवसीय आपदा प्रबंधन व न्यूनीकरण का शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भारतीय रेड क्रास सोसाइटी शाखा पौड़ी के तत्वाधान में बीजीआर कैम्पस पौड़ी में चार दिवसीय आपदा प्रबंधन व न्यूनीकरण तथा फर्स्ट एड सहायता के संबंध में अध्यनरत विद्यार्थियों की कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी ने किया।

आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि हर व्यक्ति को आपदा के समय अपनी भूमिका निभाते हुए लोगों की जान बचाने व अन्य लोगों के साथ बेहतर कॉर्डिनेशन करते हुए किस तरह से बेहतर फर्स्ट रेस्पांडर बन सकते हैं इसके लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने देश में आयी बड़ी आपदाओं के विषय में सरल भाषा में उदाहरण देते हुए उस दौरान आपदा प्रबंधन के अनुभवों को साझा किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे आसपास रह रहे लोगों को जागरूक करना जरूरी है, जिससे वह बड़ी से बड़ी आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रह सकेंगे। कहा कि लोगों को आपदा से निपटने की जानकारी होना जरूरी है, जिससे उत्तराखंड में आपदा संवेदनशील क्षेत्रों में आपदा के दौरान वे अपना और लोगों के जीवन को अधिक सुरक्षित कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने आयोजित प्रशिक्षण में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन कार्यों में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। कहा कि एक व्यक्ति आपदा से प्रशिक्षित हो जाता है तो वह आपदा के प्रथम एक घंटे (स्वर्णिम अवसर) में बहुत से लोगों की जान बचा सकता है। इसके साथ ही बचाव एवं राहत कार्य में अपना बेहतर सहयोग प्रदान कर सकता है। कार्यशाला में बीजीआर कैम्पस के निदेशक डॉ. प्रभाकर बडोनी, एनसी पुरोहित, रेडक्रास सोसायटी सचिव केशर सिंह असवाल, सदस्य मदन मोहन नौडियाल, आशीष नेगी सहित अन्य अधिकारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गणेश खुगशाल गणी ने किया।



कार्यशाला में डीएम डॉ. आशीष चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए भारतीय रेड क्रास सोसाइटी के सदस्य।




माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।

**पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## हार्दिक शुभकामनाएं

21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।

**नरेन्द्र मोदी** प्रधानमंत्री


केदारनाथ बदरीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए के पुनर्निर्माण/पुनर्विकास कार्य, चारधाम यात्रा के दौरान रिकॉर्ड 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन।


मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।


पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन का अवार्ड।


रेल कनेक्टिविटी : ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन, टनकपुर बागेश्वर रेल लाईन।


4000 से अधिक होम-स्टे विकसित, 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।


मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के तहत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन।


रोड कनेक्टिविटी : चारधाम ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड व अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास।


रोप-वे कनेक्टिविटी : पर्वतमाला परियोजना, गौरीकुण्ड-केदारनाथ रोप-वे कनेक्टिविटी, गोविन्द घाट-हेमकुण्ड, सुरकण्डा देवी रोप-वे।


जमरानी बांध परियोजना को केन्द्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी ने दी मंजूरी।


ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के लिये 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू।


स्टेट मिलेट मिशन में स्थानीय कृषकों से झंगोरा, मंडुवा, सोयाबीन एवं चौलाई का उचित मूल्य पर क्रय।


राजकीय विद्यालयों के साथ राजकीय सहायता प्राप्त (अशासकीय) विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें।


2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवेलपमेंट।


मिशन एप्पल के तहत राज्य में सेब के 500 बगीचों की स्थापना का लक्ष्य है। मिशन एप्पल का बजट दुगुना।


राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु नई सौर ऊर्जा नीति लागू।


अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलेण्डर रिफिल मुफ्त।

- देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून।
- लखपति दीदी योजना के तहत 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य।
- पलायन रोकने तथा रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने हेतु 'मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना'।
- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना व मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरू, एरोमा पार्क व एरोमा वैली।
- राज्य में शहीद सैनिकों के परिवारों के एक सदस्य को रोजगार तथा विशिष्ट सेवा मेडल अवार्ड राशि में बढ़ोत्तरी।
- राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत किसानों को 3 लाख और स्वयं सहायता समूहों को ₹ 5 लाख तक की धनराशि का ब्याज रहित ऋण।
- हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार पॉलीहाउस का बजट प्रावधान।
- राज्य के युवाओं के लिए 'विदेश रोजगार प्रकोष्ठ का गठन'।
- समान नागरिक संहिता के लिये प्रभावी पहल।
- अटल आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR


## मतदान के प्रति किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गुरुवार को कण्वघाटी स्थित शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय कन्या इंटर कालेज व भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कण्वघाटी स्थित राबाइंका में प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने छात्राओं एवं कर्मचारियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए शपथ दिलवाते हुए कहा कि मतदाता ही देश के भाग्य विधाता है। वहीं भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता पर परिचर्चा का आयोजन किया गया और छात्र-छात्राओं को अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया गया।

## एकीकरण और राजकीयकरण को लेकर कर्मचारियों ने किया तहसील में प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड पेयजल निगम और जल संस्थान के एकीकरण एवं राजकीयकरण की मांग पर सकारात्मक कार्यवाही न होने पर कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को जल संस्थान और पेयजल निगम के कर्मचारियों ने तहसील परिसर का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। गुरुवार को जल निगम-जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर दो सूत्रीय मांगों को लेकर श्रीनगर में जल संस्थान और पेयजल निगम के कर्मचारियों ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस संदर्भ में उन्होंने उपजिलाधिकारी नुपुर वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इसी क्रम मे सयुंक्त मोर्चे के बैनर तले समस्त पेयजल के संगठनों ने प्रदेश, जनपद व तहसील स्तर पर घेराव कर सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया है, जिसमें पौड़ी, श्रीनगर, देवप्रयाग, टिहरी तथा अन्य सभी जनपदों मे पेयजल विभाग में कार्यरत उपनल कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर परियोजना प्रबंधक सुनील कुमार, सहायक अभियंता अजय गुरुंग, सहायक अभियंता संदीप नौटियाल, एसएन जोशी, मनीष रावत, सुशील पटवाल, धन सिंह रावत, दीपक नेगी, कनिष्ट अभियंता मनीषा बिष्ट, दीप्ति मैखुरी, गीता पंवार आदि मौजूद रहे।

## धारी देवी मंदिर में आज से शुरू होगा अनुष्ठान

श्रीनगर गढ़वाल : सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर में शुक्रवार से शत चण्डी का पाठ शुरू होगा। मां धारी देवी के नये मंदिर में भगवती की मूर्ति के विराजमान हुए एक वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर के पुजारियों ने कृपा दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया है। आद्य शक्ति मां धारी पुजारी न्यास के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि मां धारी देवी को नये मंदिर में एक वर्ष पूर्ण होने पर न्यास ने कृपा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी से मंदिर में शत चण्डी पाठ शुरू किया जायेगा।

jayant news paper 26 jan 2024 new_page layout.qxd 1/25/2024 11:51 PM Page 4



## सम्पादकीय

### सुशासन, रामराज्य और राम मंदिर

आज के इस लेख की शुरुआत हम सबसे पहले जय श्री राम के नारे के साथ करते हैं। जय श्री राम यह महज एक नारा नहीं अपितु पूरे देश के साथ–साथ संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में बांधने का एक माध्यम है। पिछले दिनों अरब के शेख को भी मोरारी बापू के राम–कथा के मंच पर अपने अभिभाषण की शुरुआत जय श्री राम के नारे के साथ करते हुए देखा गया। अरब, जो पूरी तरह से मुस्लिम बहुल क्षेत्र है और वहाँ के शेख द्वारा जय श्री राम कहना यह साबित करता है कि यह नारा न सिर्फ भारत में बल्कि विश्व के अन्य देशों में भी बड़े उत्साह के साथ अपनाया जा रहा है। अगर हम इस जय श्री राम के नारे की बात करें तो इतिहास में इसका सबसे ज़्यादा चलन श्रीराम द्वारा लंका विजय के दौरान वानर सेना द्वारा श्रीराम सेतु के निर्माण के समय में किया गया। श्रीराम की सेना समुद्र पर सेतु के निर्माण के लिए श्रीराम का नाम पत्थरों पर लिखकर डाला करते थे जिसके प्रभाव से समुद्र में पत्थर तैरने लगते थे और सेतु का निर्माण आसानी से होता चला गया और तभी से इस नारे का महत्त्व ज़्यादा चलन में आया और एक बड़े जन–समूह द्वारा अपनाया गया। लंका विजय के पश्चात श्रीराम अयोध्या लौटे और वहाँ के राजा बने। अपने शासन काल में उन्होंने जो जनता के लिए कार्य किये वो भी समाज का आदर्श उदाहरण सिद्ध हुआ जिसे रामराज्य कहा गया। और इसी रामराज्य की परिकल्पना को अपनाने की बात 1947 में अंग्रेजों से देश को आज़ादी मिलने के बाद उस समय के महान नेताओं और राजनीतिज्ञों द्वारा की गयी विशेष कर गाँधीजी द्वारा।आज़ादी के बाद हमारे देश में शासन की लोकतंत्रात्मक व्यवस्था को अपनाया गया। वास्तव में, लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था इसी रामराज्य का ही एक परिमार्जित रूप है। वर्तमान समय में रामराज्य का प्रयोग सर्वोत्कृष्ट शासन या आदर्श शासन के प्रतीक के तौर पर किया जाता है। जब देश में सुशासन शब्द का प्रयोग किया गया तो इसके अर्थ को जन–साधारण तक सरल भाषा में समझाने के लिए भी इसी रामराज्य शब्द को ही प्रचलित किया गया। सुशासन को और अधिक अच्छे से समझने के लिए हम कह सकते हैं कि शासन का अच्छे तरीके से क्रियान्वयन करना ही सुशासन है जिसमें विधि का शासन,समानता, जन–भागीदारी, बहुमत, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, निष्पक्ष आकलन जैसे विशेषताओं का समावेश होता है और यदि हम श्रीराम के शासन के काल को पढ़ेंगे तो पाएंगे कि ये सारी विशेषताएँ उनके शासन काल में विद्यमान थी। अर्थात सरल भाषा में सुशासन का अर्थ रामराज्य है और रामराज्य का अर्थ सुशासन। अतः सुशासन और रामराज्य एक–दूसरे के पर्याय हैं। इस रामराज्य की जानकारी हमें रामायण और रामचरितमानस जैसे ग्रंथों से हुई। ये रामायण और रामचरितमानस सिर्फ ग्रंथ नहीं हैं बल्कि ये समाज के संविधान हैं। और इसके विशेषताओं और विचारों को समझने के लिए, साथ ही, एक बड़े जन–समूह पर शासन को कैसे क्रियान्वित किया जाए, इसकी जानकारी फैलाने के उद्देश्य से रामलीला का मंचन प्राचीन काल से किया जाता रहा है और वर्तमान समय में भी नवरात्रि आदि पर्व के विशेष अवसर पर हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में रामलीला का मंचन प्रायः किया जाता है।जैसा कि हम सभी जानते हैं कि प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या है और जब भारत पर मुगलों का शासन था तो उस स्थान पर एक मस्जिद का निर्माण कर दिया गया ।

### नरेन्द्रनगर में मतदाता जागरुक रैली निकाली

नई टिहरी : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से डॉ. संजय कुमार के नेतृव में छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया। उन्होंने 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने और बढ़चढ़ कर मतदान में प्रतिभाग की अपील की। तहसीलदार नरेन्द्रनगर अयोध्या प्रसाद ने छात्रों और लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जागरूक युवा किसी भी राष्ट्र का निर्माता होता है, इसलिए मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए क तहसील सभागार में छात्रों से इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से वोटिंग का मॉकपोल भी करवाया गया। मौके पर एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र सिंह नेगी, न्यायिक मजिस्ट्रेट शंभूनाथ सेठवाल, डॉ राजपाल रावत, नताशा, सोनी तिलरा, डीके शर्मा प्रिया धमन्दा, अदित्या, सक्षम, अभिषेक अंजलि रमोला, नीरज शिवानी, तेजस आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## एसीएस राधा रतूड़ी ने दिए उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ के गठन की औपचारिकताओं को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश




देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सम्बन्धित अधिकारियों को अगले 15 दिनों में उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ की वेबसाइट एवं पोर्टल तैयार करने की डेडलाइन दी हैं। इसके साथ ही एसीएस ने देश और दुनियाभर में रह रहे उत्तराखण्ड मूल के प्रवासियों का सटीक डाटा बेस प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप राज्य में प्रत्येक वर्ष प्रवासी उत्तराखण्ड दिवस मनाने की परम्परा आरम्भ की जाएगी। सचिवालय में उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ के गठन की औपचारिकताओं को जल्द से जल्द पूरा करने के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए एसीएस राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ से जुड़े अधिकारियों को हिदायत दी कि उत्तराखण्ड मूल के प्रवासियों के लिए लॉंच की जाने वाली वेबसाइट पर प्रवासियों को पंजीकरण की सुविधा दी जाए तथा वेबसाइट पर ही उनकी शिकायतों निवारण हेतु सिस्टम विकसित जाए। एसीएस ने उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ के गठन के लिए अन्य राज्यों के प्रवासी सेल के तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात उत्तराखण्ड हेतु एक ठोस एक्शन प्लान बनाने तथा फोकस एरिया तय करने के निर्देश दिए। राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए हैं कि उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ में उत्तराखण्ड मूल के प्रवासियों के भूमि सम्बन्धित एवं अन्य मुद्दों व शिकायतों के निवारण हेतु भी व्यवस्था की जाय। आज के बैठक में उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ के कार्यालय में अधिकारियों एवं कार्मिकों तैनाती, उत्तराखण्ड मूल के प्रवासियों के संबंध में डाटा बेस तैयार करने हेतु देश के विभिन्न राज्यों, शहरों और विदेशों में उत्तराखण्डी प्रवासियों के संगठनों, एसोसिएशन एवं संस्थानों से सहयोग लेने के सम्बन्ध में निर्णय लिए गए।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्तराखंड ने तीन पदक जीते

देहरादून। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के छठे संस्करण में एक गोल्ड समेत तीन पदक अपने नाम किए हैं। खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है। उत्तराखंड एथलेटिक्स के सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि 23 से 25 जनवरी तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चेन्नई में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि इसमें पहले दिन उत्तराखंड के प्रभु महतो ने तीन हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com

## मतदाता सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें



हरिद्वार। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी पी0एल0 शाह ने बृहस्पतिवार को कलक्ट्रेट सभागार में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्सव, जिसका इस वर्ष विषय– "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" रखा गया है, के अवसर पर मतदाता शपथ–"हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे," दिलाई।

अपर जिलाधिकारी(प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये बताया कि 25 जनवरी,1950 को चुनाव कराने के लिये भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी तथा वर्ष 2011 में भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रति वर्ष मतदाता दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया था, तभी से प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मतदाता दिवस निरन्तर मनाया जा रहा है। उन्होंने इस मौके पर यह भी जानकारी दी कि जो युवा 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई तथा 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे अब वर्ष के इन चार तिथियों में अपना नाम मतदाता के रूप में दर्ज करा सकते हैं।

### सीएम ने कृतिका पंवार को सम्मानित किया

चमोली : राइंका गैरसैंण की छात्रा कृतिका पंवार पुत्री सुरेंद्र पंवार माता नंदी देवी निवासी सलियाणा को बालिका दिवस पर सीएम द्वारा सम्मानित किया गया। कृतिका ने इंटर बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में 25 वें स्थान पर रही थी। राइंका गैरसैंण के प्रधानाचार्य डीएस बिष्ट एवं विज्ञान अध्यापक सतेन्द्र चौधरी के छात्रा को सम्मानित किये जाने पर खुशी एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये अन्य छात्र–छात्राओं से इस बालिका से सीख लेने की अपील की है। (एजेंसी)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुमन कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद अंकित है, जबकि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सुमन नैथानी पुत्र जगदीश प्रसाद है। सुमन कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद एवं सुमन नैथानी पुत्र जगदीश प्रसाद एक ही व्यक्ति यानि मेरे ही नाम है। मुझे सुमन कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद एवं सुमन नैथानी पुत्र जगदीश प्रसाद दोनों ही नामों से जाना एवं पहचाना जाता है।

**सुमन नैथानी पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी चर्च रोड कालाबड़, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1587/21)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र मनोहर सिंह चौधरी एवं पुत्रवधु नीलम देवी पत्नी मनोहर सिंह चौधरी मेरे कहने-सुनने में नहीं है तथा मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते है तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी देते है। जिस कारण मैं अपने पुत्र मनोहर सिंह चौधरी एवं पुत्रवधु नीलम देवी से सम्बन्ध विच्छेद करती हूं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरे पुत्र मनोहर सिंह चौधरी एवं पुत्रवधु नीलम देवी द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के लेन-देन व कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगें तथा उनके द्वारा किये गये किसी प्रकार के लेन-देन व कृत्य के लिए मैं तथा मेरा परिवर जिम्मेदार नहीं रहेगा।

**आशा देवी पत्नी इन्द्र सिंह निवासी ग्राम दलमीसैन, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1589/21)

## डीएम ने सड़क सुरक्षा सुदृढ़ करने के दिए निर्देश



नई टिहरी : कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष डीएम मयूर दीक्षित ने सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में डीएम ने लोनिवि, बीआरओ व एनएच के तहत सड़कों का निर्माण, क्रश बैरियर एवं पैराफिट लगाए जाने की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में इन कामों की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। गुरुवार को आहूत सड़क सुरक्षा की बैठक में डीएम ने सभी एसडीएम से कहा कि अपने क्षेत्रों में ग्रामीण मार्गों पर महिला समूहों से झाड़ी कटान का कार्य तत्परत से सुनिश्चित करवाया जाय। बैठक में एआरटीओ संदीप राज ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में जनपद में गत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। परन्तु मृतकों में 42 प्रतिशत की कमी एवं घायलों में 58 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। परिवहन विभाग ने बताया कि जनवरी-2023 से दिसम्बर-2023 तक दुर्घटना कारक विभिन्न अभियोगों में दुपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट संचालन करने वाले 171 व्यक्तियों के चालान, बिना सीट बेल्ट के 381 चालान, ओवरलोड (यात्री वाहन) 127 चालान, तेज गति से वाहन संचालन करने वाले के 155 चालान, शराब पीकर वाहन संचालन करने वाले17 व्यक्तियों के चालान, ओवरलोड (भार वाहन) में 67 चालान, भार वाहनों में यात्री ढोना को 86 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग पर 58 चालान किये गये।

साथ ही पुलिस विभाग ने नशे में वाहन चलाने पर 83 चालान, ओवर स्पीड में 491 चालान, ओवर लोडिंग 43 चालान, बिना हेलमेट 736 चालान किये हैं। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम केके मिश्रा, एएसपी जेआर जोशी, सीएमओ डा. मनु जैन, एसई लोनिवि मुकेश परमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### भाजयुमो के नव मतदाता सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री ने भरा युवाओं में जोश

रुद्रप्रयाग : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर भाजयुमो द्वारा जिले की दोनों विधानसभा में नमो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नए मतदाताओं ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में प्रदेश के कैबिनेट एवं जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रतिभाग कर युवाओं का उत्साह बढ़ाया। मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित सम्मेलन का कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दीप प्रज्वलित कर शुभांरभ किया। रुद्रप्रयाग में 180 और केदारनाथ विधानसभा में 150 नए मतदाताओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान नए मतदाताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के विचारों का लाइव प्रसारण सुनाया गया। पार्टी कार्यालय में नए मतदाताओं में जोश भरते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत को विश्वगुरू बनाने का सपना 2047 तक पूरा होगा। जिसमें युवा मतदाताओं का अहम योगदान रहेगा। उन्होंने भाजपा की ओर युवा मतदाताओं को आकर्षित करते हुए कहा कि पार्टी की नीति, विचार और सिद्धान्त भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण हैं। जबकि अन्य विपक्षी पार्टियों के पास कोई विचार, सिद्धान्त और विजन नहीं है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि पहली बार मतदान करते समय राष्ट्र के विकास को ध्यान में रखते हुए भाजपा के पक्ष में ही मतदान करें। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विकास के ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि नए मतदाता देश का भविष्य है। कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं और क्षेत्र व राष्ट्र के विकास के लिए युवाओं को मतदाता के रूप मे निर्णायक और अहम फैसला लेना जरूरी है।







### जल निगम और जल संस्थान कर्मचारियों ने रैली निकाली

नई टिहरी : पेयजल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों ने एकीकरण, राजकीयकरण और विभागीय कार्यों को एडीबी सहित अन्य एजेंसियों को दिए जाने के विरोध में रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। गुरुवार को जन निगम और जल संस्थान के कर्मचारियों ने नई टिहरी स्थित सुमन पार्क से हनुमान चौक, ऑल सेंट्स कॉलवेंट स्कूल होते हुये कलक्ट्रेट तक रैली निकाली। संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक राजपाल सिंह राणा ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से एकीकरण और विभागीय कार्यों को अन्य ऐंजेसियों से कराये जाने का विरोध करते आ रहे है, लेकिन उनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा है, जिसके कारण कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य होना पड़ा है। कहा कि अभी तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चल रहा है,

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेंडर संख्या दिनांक | 276-DRM-MB-23-24 Date. 25.01.2024 | 277-DRM-MB-23-24 Date. 25.01.2024 | 278-DRM-MB-23-24 Date. 25.01.2024 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Trial of Continuous Broken Rail Detection System on track 9.55 km section on 60 kg track in MB Division. | Zone No. 2 from km 1323 to 1381 (BTO- MPH Stations) for General work in Service & Residential Buildings for year 2023-24 under ADEN/BE (Revenue) | Upgradation of L-Xings having TVU 50,000 & above and other misc. Works at L-Xing No. 287/C, 288/C, 289/C, 292/C, 294/C, 297/C, 299/C, 302/C, 309/C, 311/C, 312/C, 313/C, 321/SPL, 325/C, 332/C, 334/A, 339/C, 342/C SPL, 344/A and 347/A under ADEN/SPN in the section of Sr.DEN-III/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 20.02.2024 16:00 | 20.02.2024 16:00 | 20.02.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,43,25,000.00 | 77,98,303.06 | 1,50,52,977.44 |
| धरोहर राशि | 2,21,600.00 | 1,56,000. 00 | 2,25,300.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 06.02.2024 | 06.02.2024 | 06.02.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 14 माह | 12 माह | 10 माह |

न. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक. 25.01.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 294/24

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड़, लो0नि0वि0 पौड़ी**

E Mail ID :- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 93/20ए0सी0 दिनांक 24/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 06.02.2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक निम्न कार्यालयों में आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघर की पास बुक एवं शेड्यूल्ड बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में मान्य होगी जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी के पद नाम से बन्धक होगी। निविदा के साथ रूपये 100.00 का नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर वैधता की शर्तों के साथ जिसके ऊपर रू0 1.00 के रसीदी टिकट सहित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 29.01.2024 से 05.02.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती हैं।

1. अधिशासी अभियन्ता 12वॉ लो0नि0वि0 पौड़ी
2. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
3. अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
4. अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 कीर्तिनगर जिला टिहरी गढ़वाल।

निविदायें अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के कार्यालय में दिनांक 06.02.2024 को अपराह्न 3:00 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना वर्ष (2023-24) स्वीकृति की प्रत्याक्षा में जिलाधिकारी पौड़ी के आवास में पहुंच मार्ग पर इन्टर लॉकिंग टाईल्स फिक्सिंग का कार्य। | 42500.00 | 1500 +GST | 45 दिन | 2 माह | मार्ग कार्य में डी एवं उच्चतर। |
| 2 | रामलीला मैदन पौड़ी के समीप राजस्व विभाग की खाली पड़ी भूमि पर पुस्ता समतलीकरण तथा रैलिंग/पार्किंग आदि का कार्य। | 35100.00 | 1500 +GST | 45 दिन | 2 माह | मार्ग कार्य में डी एवं उच्चतर। |

1- अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है, एवं निविदा क्रय करते समय पंजीकरण की फोटो प्रति अवश्य साथ लायें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी**

(1588/55)